दिनांक : 25.02.2025 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का हुआ समापन, 30 लाख 77 हजार करोड़ रूपये के निवेश पर बनी सहमति।
- समापन अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि निवेश के समझौते जल्दी ही जमीन पर उतरेंगे।
- निरोगी काया अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण जारी, अब तक 8 लाख लोगों की हुई जांच।
- महाशिवरात्रि पर्व कल, शिवमंदिरों में होंगे विशेष आयोजन, उज्जैन में शुरू होगा विक्रमोत्सव।

## ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2025

भोपाल में आद दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2025 का समापन हो गया। समापन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहे। इस समिट में लगभग 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपये के MoU साइन हुए हैं। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि जिस प्रकार की कार्ययोजना मध्य प्रदेश सरकार ने बनाई है, उसके तहत अधिकतम MoU जल्द ही जमीन पर भी उतरेंगे। उन्होंने कहा कि-

मध्य प्रदेश हमारे देश की भव्य सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध राज्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सूत्र "विकास भी, विरासत भी" को मध्य प्रदेश पूरी तरह साकार कर रहा है। श्री शाह ने कहा कि दो दिवसीय समिट का सफल आयोजन प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कुल 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बहुत ही सफल रही है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने समिट के दूसरे दिन निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ राउंड टेबल पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश को लेकर निवेशकों और उद्यमियों में अपार उत्साह है और सार्थक चर्चा से प्रदेश में औद्योगिक विकास, नवाचार और उद्यमिता को नई गति मिलेगी, जिससे प्रदेश समृद्धि के पथ पर और तीव्र गति से अग्रसर होगा एवं रोजगार के लिए नई राहें खुलेंगी।

## मुख्मयंत्री सत्र

ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम तथा स्टार्ट-अप समिट सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एमएसएमई क्षेत्र बहुत

विस्तृत है और इससे नई संभावनाओं के द्वार खुले है। उन्होंने कहा कि नई एमएसएमई नीति में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को समाहित किया गया है, जिससे यह क्षेत्र और अधिक सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री ने माइनिंग सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ पत्थर उठाओ तो हीरा मिलता है। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व में 5 गुना वृद्धि का लक्ष्य है। थीमेटिक सत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध क्षेत्र, पर्यटन, एमएसएमई सहित हर क्षेत्र में सहकारिता का अलग ही महत्व है। समिट में सहकारिता क्षेत्र में कोऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल के अंतर्गत कुल 2305 करोड़ रुपये की राशि के 19 एमओयू हुए हैं।

महाशिवरात्रि

कल महाशिवरात्री का पर्व है । इसे भव्य रूप से मनाने के लिए प्रदेश के शिव मंदिरों में तैयारियां जारी है। खंडवा में ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के कल सुबह साढ़े तीन  बजे से मन्दिरों के पट खुल जायेंगे। करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की सम्भावना को देखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने आज शाम से इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है। उज्जैन के भगवान महांकाल मंदिर में दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। देवास जिले में बिलावली स्थित महाकालेश्वर मंदिर, बागली के जटाशंकर महादेव, सोनकच्छ के पिपलेश्वर महादेव , करनावत के कर्णेश्वर महादेव मंदिर और नेमावर के सिद्धनाथ महादेव मंदिर में व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। छिंदवाड़ा के महाकाल मंदिर में महाअभिषेक और भंडारे का आयोजन किया गया है। साथ ही महादेव पर्व के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पन्ना संस्कृति विभाग द्वारा महादेव पर्व का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में शाम 6.30 बजे से आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

विक्रमोत्सव

उज्जैन में कल विक्रमोत्सव 2025 का शुभारंभ केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। विक्रमोत्सव का यह प्रथम चरण 30 मार्च  को सम्पन्न होगा इसी दिन जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी होगा जो 30 जून 2025 तक पूरे मध्यप्रदेश की नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के संवर्धन, संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे।

राज्यपाल शहडोल

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने आज शहडोल जिले में ग्राम पंचायत धुरवार में प्रधानमंत्री जन-मन योजना के हितग्राहियों से संवाद किया।  राज्यपाल ने कहा कि  प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्दारा विशेष पिछ्ड़ी जनजातियों बैगा, भारिया, सहरिया के परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध

कराने तथा सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन के लिए विशेष योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत संचालित करने के लिए बजट में 24 हजार करोड़ का प्रावधान किया है। इस कार्य हेतु 9 विभागों के माध्यम से 11 सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शहडोल में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय की स्मारिका का विमोचन किया।

सीआईसीआई रिपोर्ट

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था संभावित रूप से अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 2047-48 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 248.6 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा सकती है, जो मौजूदा 13.6 लाख करोड़ रुपये से 8.6% की सीएजीआर से बढ़ सकती है। "एन विज़निंग मध्यप्रदेश इकोनॉमी@2047" शीर्षक वाली रिपोर्ट, आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण, प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, नीतिगत हस्तक्षेप और निवेश के अवसरों की रूपरेखा तैयार करती है जो राज्य के परिवर्तन को आगे बढ़ाएंगे। रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए, सीआईआई के महानिदेशक,चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने और विकास को गति देने के लिए समर्पित एक सक्रिय राज्य सरकार के साथ, मध्य प्रदेश 2047-48 तक भारत की जीडीपी में अपना योगदान मौजूदा 4.6% से बढ़ाकर 6.0% करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

निरोगी काया

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में 20 फरवरी से 31 मार्च तक 'निरोगी काया अभियान' संचालित किया जा रहा है। इसके तहत 12 हज़ार से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों, जन आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की मधुमेह , रक्तचाप और फैटी लिवर जैसी प्रमुख असंक्रामक बीमारियों की निःशुल्क जांच की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने आमजनों, जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बताया कि अभियान के

तहत अब तक 6 लाख लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की जांच पूरी की जा चुकी है, जबकि 2 लाख लोगों की फैटी लिवर की जांच हो चुकी है।

वेव्स 2025

`वेव्स कॉमिक क्रॉनिकल्स रचनात्मकता की दुनिया में एक नया मोड़ लेकर आ रहा है। यह कार्यक्रम कहानीकारों को एआई-संचालित उपकरणों से अपनी कहानियों को कॉमिक्स में बदलने का मौका देता है। डैशटून स्टूडियो के माध्यम से प्रतिभागी अपनी एआई-जनरेटेड कॉमिक्स डैशटून ऐप पर प्रदर्शित कर सकते हैं। 15 फरवरी 2025 तक 774 पंजीकरण हो चुके हैं, जो डिजिटल रचनात्मकता के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाते हैं।

यह कार्यक्रम चार आधारभूत स्तंभों पर आधारित है। आपको बता दें कि यह आयोजन 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई में होगा।इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की आखिरी तारीख 15 मार्च है।

समाचार संक्षेप में .....

- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक प्रदेश में एक लाख 88 हजार 645 किसानों ने गेंहू बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।
- अशोकनगर पी.एम. किसान योजना अंतर्गत मार्च 2025 से फार्मर रज़िस्ट्री अनिवार्य की गई। जिले में कुल 144161 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाना है, जिसमें से 82218 हितग्राहियों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी है।
- सीहोर जिले के आष्टा ब्लाक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अन्तर्गत आज सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 991 जोड़ विवाह सूत्र में बंधे, जिसमें 793 जोड़ों का विवाह तथा 198 जोड़ों को निकाह संपन्न हुआ।
- ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का सातवां मैच रद्द हो गया है। रावलपिंडी में लगातार बारिश की वजह से दोनों टीमों के बीच ग्रुप-बी के इस मुकाबले को रद्द करने का फैसला किया गया। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का हुआ समापन, 30 लाख 77 हजार करोड़ रूपये के निवेश पर बनी सहमति।
- समापन अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि निवेश के समझौते जल्दी ही जमीन पर उतरेंगे।
- निरोगी काया अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण जारी, अब तक 8 लाख लोगों की हुई जांच।
- महाशिवरात्रि पर्व कल, शिवमंदिरों में होंगे विशेष आयोजन, उज्जैन में शुरू होगा विक्रमोत्सव।

--------------------